an>

Title: Regarding Providing financial assistance to Craftsman

श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं राजस्थान के काश्तकारों की एक बहुत बड़ी समस्या को आपके सामने रखना चाहता हूँ।

मैं प्रधानमंत्री जी को इस बात के लिए बधाई देना चाहता हूँ कि उन्होंने प्रधानमंत्री सिंचाई योजना लागू की है। राजस्थान में ड्रिप-इरिगेशन के द्वारा काफी सिंचाई की जाती है। इसी प्रकार से, जो वाटर पौंड है, जिसे डिग्गी कहते हैं, यह श्रीगंगानगर तथा हनुमानगढ़ की तरफ काफी संख्या में हैं। सोलर सिस्टम तथा उक्त दोनों साधनों पर जो सब्सिडी है, उसमें सेन्ट्रल शेयर काफी कम कर दिया गया है। सब्सिडी कम होने से काश्तकारों को काफी परेशानी हो रही है। मेरा आपके माध्यम से प्रधानमंत्री जी तथा कृÂिा मंत्री जी से अनुरोध है कि काश्तकारों की सब्सिडी को पुनः वैसे ही दिया जाए, जैसे पहले दी जा रही थी। धन्यवाद।